

कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी।

# प्राचार्य डॉ. सरोज सिंह ने 'एक अभिनय' कार्यक्रम के विजेताओं को किया सम्मानित

गोहाना, 1 मई (रामनिवास धीमान): गोहाना के खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में विद्यार्थियों के लिए 'एक अभिनय' गतिविधि का आयोजन प्राचार्य डॉ. सरोज की देख रेख में किया गया। जिसमें पहली से बारहवीं कक्षा के सभी सदनों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और अभिव्यक्ति कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम संचालक शिक्षिका निधि मान ने बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम को तीन भागों में विभाजित किया गया। जिसमें कनिष्ठ वर्ग पहली से पांचवीं तक माध्यमिक वर्ग छठी से आठवीं और वरिष्ठ वर्ग नौवीं से बारहवीं तक बनाया गया। आयोजन में निर्णायक मंडल की भूमिका शिक्षिका सरिता जांगड़ा एवं अनुपम मान ने निभाई। एकल अभिनय में कनिष्ठ वर्ग में विंध्या सदन की छात्रा देवांशी प्रथम, शिवालिक सदन से परिधि द्वितीय और हिमालय सदन से सजल तृतीय रहीं। माध्यमिक वर्ग में शिवालिक सदन की निलाक्षी प्रथम, अरावली सदन से छात्रा प्रथम ने दूसरा व विंध्या सदन की प्रियांशी तृतीय रही। वरिष्ठ वर्ग से शिवालिक सदन की मानसी प्रथम, हिमालय सदन की तन्नु दूसरे स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. सरोज सिंह ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की और सभी विजेताओ को सम्मानित किया।

# एकल अभिनय में विंध्या सदन की देवांशी विजेता



खानपुर कलां स्थित यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। स्रोत : विद्यालय

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में छात्राओं के लिए अभिनय गतिविधि करवाई गई। एकल अभिनय के कनिष्ठ वर्ग में विंध्या सदन की छात्रा देवांशी, शिवालिक सदन से परिधि और हिमालय सदन से सजल क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। माध्यमिक वर्ग में शिवालिक सदन से नीलाक्षी, अरावली सदन से छात्रा प्रथम और विंध्या सदन की प्रियांशी पहले तीन स्थान पर रहीं। संवाद

आदि उपस्थित थे।

# अभिनय प्रतियोगिता में देवांशी, निलाक्षी व मानसी प्रथम

**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि, खानपुर कलां के कैंपस स्कूल में गुरूवार को एक अभिनय प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा व अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। एकल अभिनय प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में देवांशी ने प्रथम, परिधि ने द्वितीय, सजल ने तृतीय, माध्यमिक वर्ग में निलाक्षी ने प्रथम, प्रथम ने द्वितीय, प्रियांशी ने तृतीय, वरिष्ठ वर्ग में मानसी ने प्रथम, तन्नु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को प्राचार्या डॉ. सरोज ने सम्मानित किया। इस अवसर पर निधि मान, सरिता जांगड़ा, अनुपम मान आदि उपस्थित थे।

# कैंपस स्कूल में विद्यार्थियों के लिए अभिनय गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में विद्यार्थियों के लिए अभिनय गतिविधि करवाई गई। इस गतिविधि में कक्षा पहली से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्राचार्या डॉ. सरोज की देखरेख में अभिव्यक्ति कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम संचालक शिक्षिका निधि मान ने किया। पूरे कार्यक्रम को तीन भागों में विभाजित किया गया। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं, माध्यमिक वर्ग में कक्षा छठी से कक्षा 8वीं और वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल रहे। निर्णायक मंडल की



भूमिका शिक्षिका सरिता जांगड़ा और अनुपम मान ने निभाई। एकल अभिनय में कनिष्ठ वर्ग में विंध्या सदन की छात्रा देवांशी, शिवालिक सदन से परिधि और हिमालय सदन से सजल क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। माध्यमिक वर्ग में शिवालिक सदन से नीलाक्षी, अरावली सदन से छात्रा प्रथम और विंध्या सदन की प्रियांशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।

# छात्राओं ने अभिनय में दिखाई अपनी प्रतिभा

जासं, गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में विद्यार्थियों के लिए अभिनय गतिविधि करवाई गई। इस गतिविधि में कक्षा पहली से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्राचार्य डा. सरोज की देखरेख में अभिव्यक्ति कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम संचालक शिक्षिका निधि मान ने किया। पूरे कार्यक्रम को तीन भागों में विभाजित किया गया।

कनिष्ठ वर्ग में कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं, माध्यमिक वर्ग में कक्षा छठी से कक्षा 8वीं और वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका शिक्षिका सरिता जांगड़ा और अनुपम मान ने निभाई। एकल अभिनय में कनिष्ठ वर्ग में विंध्या सदन की छात्रा देवांशी, शिवालिक सदन से परिधि और हिमालय सदन से सजल क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

माध्यमिक वर्ग में शिवालिक सदन से नीलाक्षी, अरावली सदन से छात्रा प्रथम और विंध्या सदन की प्रियांशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। वरिष्ठ वर्ग से शिवालिक सदन से मानसी प्रथम और हिमालय सदन से तन्नु द्वितीय स्थान पर रही।